**A**



समग्र शिक्षा केरल

**ANNUAL EVALUAT**

वार्षिक मूल्यांकन

हिंदी

कक्षा 7 समय : 2 घंटे

exam WiNNER®

सामान्य निर्देश:

- पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ़ टाइम प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए है।
- गतिविधि 1 और 2 में से किसी एक का उत्तर लिखें।
- 3 से 9 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।

## गतिविधि 1.

सूचना: खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> आज हम पहाड़ देखने गए । दूर से पहाड़ नीले रंग के लगे। पहाड़ों पर बहुत सारे फूल खिले थे। मुझे वे फूल बैंगनी रंग के लगे। लेकिन भैया ने कहा नीले हैं। इनका नाम नीलकुरिंजी है। इसलिए इन पहाड़ों को नीलगिरि कहते हैं।

क) लेखक आज कहाँ गए?

अ) पहाड़ आ) शहर इ) गाँव ई) जंगल

ख) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) पहाड़ नीले रंग के लगे। आ) पहाड़ लाल रंग के लगे।

इ) पहाड़ पीले रंग के लगे। ई) पहाड़ काले रंग के लगे।

ग) पहाड़ों पर कौन-से फूल खिले थे?

अ) चंपा आ) नीलकुरिंजी इ) गुलाब ई) चमेली

घ) लेखक को नीलकुरिंजी के फूल किस रंग के लगे?

अ) पीले आ) काले इ) हरे ई) बैंगनी

ङ) पहाड़ों को नीलगिरि क्यों कहा गया है?

अ) गुलाब के फूलों के कारण आ) चंपा के फूलों के कारण

इ) नीलकुरिंजी के फूलों के कारण ई) चमेली के फूलों के कारण

## गतिविधि 2

**सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

हाथी जंगल का सबसे बड़ा जानवर है। इसके कान बड़े होते हैं। सूँड़ की सहायता से हाथी भोजन करता है। हाथी शाकाहारी होता है। (सूँड़-തുമ്പിക്കൈ, शाकाहारी-സസ്യഭുക്ക്)

क) जंगल का सबसे बड़ा जानवर कौन है?

अ) हाथी आ) शेर

इ) लोमड़ी ई) हिरण

ख) हाथी के कान कैसे होते हैं?

अ) लंबे आ) बड़े

इ) छोटे ई) नन्हे

ग) हाथी किस अंग की सहायता से भोजन करता है?

अ) सूँड़ आ) पैर

इ) कान ई) आँख

घ) सही प्रस्ताव कौन-सा है?

अ) हाथी मांसाहारी होता है। आ) हाथी शाकाहारी होता है।

इ) हाथी सर्वाहारी होता है। ई) हाथी कुछ नहीं खाता है।

ङ) यह खंड किसके बारे में है?

अ) शेर आ) बाघ

इ) चीता ई) हाथी

exam WiNNER®

## ध 3

**सूचनाः कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

रंग-रंग के रूप हमारे
अलग-अलग हैं क्यारी-क्यारी
लेकिन हम सबसे मिलकर ही
इस उपवन की शोभा सारी
एक हमारा माली, हम सब
रहते नीचे एक गगन के
हम सब सुमन एक उपवन के।

क) यह आशयवाली पंक्तियाँ चुनें।

मिलकर रहने में ही शोभा है।

ख) कविता के अनुसार सही मिलान करें।

| क | ख |
|---|---|
| उपवन में | गगन के नीचे रहते हैं। |
| विभिन्न रंग के फूलों से | कई रंग के फूल हैं। |
| हम सब एक ही | उपवन की शोभा बढ़ती है। |

## गतिविधि 4

**सूचनाः 'अनमोल खज़ाना' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> सुबह का समय था। विक्रम खेतों से होकर जा रहा था। रास्ते में एक किसान से उसने जल्दी धन कमाने का उपाय पूछा। किसान ने विक्रम को बताया- "गाँव के उस पार एक सज्जन रहते हैं। उनका नाम है विश्वनाथ।"

क) विक्रम कहाँ से होकर जा रहा था?

ख) वार्तालाप आगे बढ़ाएँ।

विक्रमः भैया, मैं एक बात पूछूँ?

किसानः ........................

विक्रमः ........................

किसानः ........................

विक्रमः ........................

## गतिविधि 5

**सूचनाः 'एक दौड़ ऐसी भी' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> ओलिपिंक खेलों के दौरान एक विशेष दौड़ होने जा रही थी। सीटी बजी, सभी दौड़ पड़े। तभी एक छोटा लड़का ठोकर खाकर गिरा और रो पड़ा। उसकी आवाज़ सुनकर बाकी प्रतिभागी उस बच्चे की मदद के लिए उसके पास आने लगे। एक बच्ची ने उसके आँसू पोंछे और प्यार से चूम लिया।

(क) ठोकर खाकर गिरे लड़के की उस दिन की डायरी लिखें।

(ख) मातृभाषा में अनुवाद करें।

-छोटा लड़का ठोकर खाकर गिरा और रो पड़ा।

## गतिविधि 6

**सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> गुलमोहर के पेड़ का पाँचवाँ जन्मदिन था। मीना की सहेलियाँ निर्मल,चंपा आदि जन्मदिन मनाने आई थीं। लेकिन अपर्णा नहीं आ सकी। जन्मदिन समारोह का विवरण देते हुए निर्मल ने अपर्णा को पत्र लिखा।

(क) मीना की सहेलियाँ किसका जन्मदिन मनाने आई थीं?

(ख) अपर्णा के नाम पर निर्मल का पत्र कल्पना करके लिखें।

## गतिविधि 7

**सूचनाः 'आसमान के लिए' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> कल्पना चावला का जन्म हरियाणा के करनाल जिले में हुआ। उनके पिता बनारसी लाल चावला की इच्छा थी कि पुत्री अध्यापिका या डॉक्टर बने।
> कल्पना ने टेक्सास विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर तथा कोलोरेडो विश्वविद्यालय से पी-एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। अमेरिका के सर्वोच्च अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र 'नासा' में वैज्ञानिक के रूप में कार्य करने लगीं।


क) कल्पना चावला किस क्षेत्र में प्रसिद्ध थीं?

| | |
|---|---|
| अ) विज्ञान | आ) अध्यापन |
| इ) चिकित्सा | ई) कला |

ख) कल्पना चावला की प्रोफ़ाइल तैयार करें।

## गतिविधि 8

**सूचनाः चित्र देखें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**




क) चित्रों के आधार पर वाक्यों को क्रमबद्ध करें ।

- विश्वनाथ के घर की ओर विक्रम जाता है।
- किसान खेत में काम करता है।
- विक्रम को विश्वनाथ उपदेश देता है।
- किसान से विक्रम धन कमाने का उपाय पूछता है।

(ख) 'कि' जोड़कर वाक्यों को मिलाएँ।

अध्यापक ने कहा। कल छुट्टी है।

exam WiNNER

## गतिविधि 9

**सूचनाः वाक्यांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**आज सुबह पाँच बजे**

**टोक्यो में भूकंप**

**सैकड़ों लोगों की मौत**

**बिजली की सप्लाई ठप्प**

क) वाक्यांशों के आधार पर समाचार तैयार करें।

ख) नमूने के अनुसार लिखें।

| | |
|---|---|
| लड़का बाहर निकला। | लड़का बाहर निकलने लगा। |
| लड़की बाहर निकली। | लड़की बाहर निकलने .........। |

exam WiNNER